क.रा.बी.नि.
ESIC

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार/Regional Office, Bihar
पंचदीप भवन,जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना-800001
Panchdeep Bhawan, Nehru Marg, Patna - 01
rd-bihar@esic.gov.in EsicPatna 0612-2521928
www.esic.gov.in/robihar.esic.gov.in Esicpatna

पत्रांक स०- V-36013/1/2022-CORDN दिनांक - 20-02-2026

सेवा में,

सम्पादक महोदय,
पटना क्षेत्र , बिहार

विषय: कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 75वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मीडिया कवरेज हेतु आमंत्रण।

महोदय,

सादर सूचित करना है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम, **कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (अब सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020)** के तहत **श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय** है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) दिनांक **24 फरवरी 2026** को अपना **75वाँ स्थापना दिवस** मना रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर ***स्थापना दिवस प्लैटिनम जुबिली समारोह*** कार्यक्रम का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है :

कार्यक्रम का संछिप्त विवरण:

- **दिनांक:** 24.02.2026
- **समय:** प्रातः 09:30 बजे
- **कार्यक्रम स्थल :** दसरथ मांझी हॉल, समनपुरा, बीआईटी कैंपस, पटना, बिहार – 800014
- **मुख्य अतिथि:** श्री संजय सिंह 'टाईगर', माननीय श्रम मंत्री, बिहार सरकार
- **विशिष्ट अतिथि:** श्री रामकृपाल यादव, माननीय कृषि मंत्री, बिहार सरकार एवं श्री दीपक आनंद, IAS, श्रम सचिव, बिहार सरकार

कर्मचारी राज्य बीमा निगम देश के संगठित एवं अर्ध-संगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रहा है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत निगम का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार करते हुए अधिकाधिक प्रतिष्ठानों एवं श्रमिकों को आच्छादित करना, सेवाओं का डिजिटलीकरण, पारदर्शिता एवं त्वरित लाभ भुगतान सुनिश्चित करना तथा 'सर्वव्यापी सामाजिक सुरक्षा' के लक्ष्य की प्राप्ति करना है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस ऐतिहासिक अवसर पर अपने प्रतिनिधि को कार्यक्रम में भेजकर व्यापक कवरेज एवं प्रकाशन/प्रसारण करने की कृपा करें, जिससे आमजन में सामाजिक सुरक्षा संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूकता और अधिक सुदृढ़ हो सके।

धन्यवाद सहित

भवदीय,

Digitally signed by
KESHAV KUMAR JHA
Date: 20-02-2026
19:15:44

(केशव कुमार झा)

क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी)